नन्दकिशोरजी शर्मा 'नन्दुजी' से एक विशेष भेंट

माई झुं.न्यूज। बेरीवाला परिवार परिवार के नरेश कुमार बेरीवाला की सुपुत्री सपना के शुभ विवाह पर शुभाशिर्वाद देने हेतु पधारे नन्दकिशोर शमा 'नन्दू जी' से एक विशेष भेंट खेमी शक्ति मंदिर में माई झुंझुनूं डॉट के प्रबंध निदेशक डी.एन. तुलस्यान एवं सूरत संवाददाता संदीप बेरीवाला के साथ हुई। प्रस्तुत है श्याम भक्त नन्दूजी का जीवन परिचय-

नाम: नन्द किशोर शर्मा जिन्हें नन्दू जी (भैयाजी) के नाम से जाना जाता है। जन्म: 23 नवम्बर 1948 जन्म स्थान: नवलगढ़ जिला झुंझुनूं (राजस्थान) शिक्षा: बी.एस.सी. (आनर्स)

अधिकांश समय (1949 से 1993) दरभंगा (बिहार) में बीता। वर्तमान में (1994 से) अहमदाबाद में निवास है। श्याम बाबा कुल के देव हैं, जिनकी कृपा से प्रभावित हो 1984 से भजनों का कार्यक्रम देने लगे। गृहस्थ है। पत्नी, दो पुत्र, एक पुत्री, दो पौत्र एवं एक पौत्री है। दोनों पुत्र, पुत्री एवं दोनों पुत्रवधु उच्च शिक्षा प्राप्त हैं। लड़के व्यवसाय में लगे हैं। अधिकांशत: खुद के रचित भजन जो लगभग 1200 हैं, गाते हैं। नन्दु जी 21 वर्षों से लगातार नि:शुल्क भजन गाते आ रहे हैं। प्रभु प्रेमियों का प्रेम ही इनका पारिश्रमिक है। नवम्बर 2000 से खाटू श्याम जी से शुरू हुई श्री श्याम-गुणगान यात्रा को भैया जी श्री नन्दू जी के सानिध्य में भारत एवं नेपाल के कई क्षेत्रों में 38000 किमी. की दूरी एंव 569 स्थानों का भ्रमण करते हुए 26 अक्टूम्बर 2001 को खाटूश्याम जी आकर पूर्ण हुई। इस वर्ष 2005 में भैया जी श्री नन्दू जी के सानिध्य में श्याम प्रमियों द्वारा कैलाश मानसरोवर पर श्री श्याम ध्वजा फहराई गयी। सितम्बर 2007 में भैया जी श्री नन्दू जी का श्री श्याम प्रचार हेतु विश्व भ्रमण कार्यक्रम की योजना प्रस्तावित है आगे प्रभु की इच्छा।

गत कई वर्षों में, प्रभु प्रेरणा से भैया जी श्री नन्दु जी द्वारा रचित भजनों के संग्रज ''दया बाबा की'' के नाम से अक्टूम्बर 2005 में समर्पित श्याम प्रेमी श्री विजेन्द्र जैन जी (दिल्ली निवासी) के प्रयास एवं समर्पण भाव से प्रकाशित हुआ। जिसका निशुल्क वितरण श्याम प्रेमियों के सहयोग से किया जा रहा है। इसी क्रम में क्रमश: 173 एवं 108 भजनों की 32 एवं 18 घण्टे लगातार चलने वाली दो एम.पी.-3 सी.डी. श्याम प्रेमी श्री सुरेश अग्रवाल (दिल्ली निवासी) के प्रयास से तैयार की गयी जिनका वितरण भी श्याम प्रेमियों के सहयोगय से निशुल्क किया जा रहा है।

अपना पूरा जीवन प्रभु श्री श्याम की सेवा को समर्पित कर चुके भैया जी नन्दू की सेवा ही मूल मंत्र है।

बनकर के दीप पथ का,
जग को मैं दूं उजाला
ओरों के अश्क पोछूं छलकूं
ज्यूं रस का प्याला,
श्याम कृपा से श्याम की सेवा,
बड़े भाग्य से मिलती है।
खरबों लोग लगे नम्बर में,
किसी किसी को मिलती है।

धन्य है झुंझुनूं जिला जिसमें जन्में एक साधारण से व्यक्ति ने श्याम भक्ति में इतना नाम कमाया। हमारा शत-शत नमन नन्दूजी को... डी.एन. तुलस्यान

संतोष झुंझुनूंवाला द्वारा नेत्र चिकित्सा शिविर 9 सितम्बर को

माई झुं.न्यूज। श्री संतोषकुमार झुंझुनूंवाला चैरिटेबल ट्रस्ट मुम्बई के सौजन्य से परमपूज्य श्री श्रीकान्त जी बाल व्यास के सानिध्य में महाराजा अग्रसेन शिक्षा एवं जन कल्याण ट्रस्ट जिला स्वास्थ्य समिति अंधता झुंझुनूं के सहयोग से मारवाड़ी युवा मंच द्वारा विशाल नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा एवं लैंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन दिनांक 9 सितम्बर 2007 रविवार को श्री बिहारी जी का मंदिर प्रांगण वृन्दावन (झुंझुनूं) में किया जा रहा है। शिविर संयोजक गिलुराम मोदी ने बताया कि शिविर में जयपुर मोती डुंगरी के सुप्रसिद्ध डॉ. अंशु सहाय अपने सहयोगियों के साथ आंखों की हर प्रकार की बीमारी की चिकित्सा कर पांच दिन की उपलब्ध नि:शुल्क दवाईयां देंगे तथा ऑपरेशन वाले रोगी को भरती करके बिना टांके के ऑपरेशन कर उच्च कोटी के लैंस लगायेंगे। ऑपरेशन वाले रोगी को दवाई, खाना, रहने की नि:शुल्क व्यवस्था के साथ-साथ चश्मा तथा आने जाने का बस किराया व एक कम्बल भी उपहार स्वरूप दिया जायेगा।

छावनी नरेश बालाजी मंदिर में भजन संध्या

माई झु. न्यूज। यहां छावनी बाजार स्थित श्री छावनी नरेश बालाजी मंदिर परिसर में शुक्रवार की रात्रि को जागरण हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में जाने-माने भजन गायककलाकारों ने मधुर स्वर लहरियों में भक्ति रस की स्वर गंगा बहाई।

जागरण में युवा भजन गायक सुमित पुजारी व पंकजी भिंडा एण्ड पार्टी ने भजनों की प्रस्तुतियां देकर माहौल को भक्तिमय बना दिया। मुकेश महमियां व पवन वर्मा एण्ड पार्टी ने श्री गणेश वन्दना करते हुए एक से बढकर एक भजन सुनाकर बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालु श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। इस अवसर पर शेखावाटी आंचल के जाने माने भक्ति संगीत के जाने-माने गायक शुभकरण चोबदार, विनोद कुमार वर्मा व लक्ष्मी कान्त पुरोहित एंड पार्टी ने एक से बढ़कर एक भजन सुनाये। गायकअनिल कुमार जांगिड़ जयप्रकाश ढेढिया व रतन लाल जोशी एण्ड पार्टी ने इस अवसर पर बालाजी महाराज को याद करते हुए जरा छावनी बाजार चलिये जहां रहते बालाजी सरकार हैं जो संकट के काटन हार हैं सहित कर्णप्रिय भनजों की प्रस्तुतियां पेश की। पुनम पुरोहित ने इस अवसर पर तेरे बिना कोण सुनगो मेरा सावरां गिरधारी रे। हर बार तेरे दर पर नव गीत सुनायेंगे सहित एक से बढकर एक भजन प्रस्तुत किए। इस अवसर पर भजन गायक कलाकार भोजराज बेदी मनोज कुमार एण्ड पार्टी राम गोपाल हंसासरिया, रामकुमार ठाकार ने पायोजी मेने रामरतन धन पायो, सीया सुध लायो बली के हनुमान ओ बम-बम भोले शिव शंकर सहित अनेक भजनों की प्रस्तुतियां देकर भक्तजनों को भाव विभोर कर दिया। इस अवसर पर मनोज केडिया, नंदलाल सोनी, शशिकान्त महमियां, अमित महमिया, गंगाराम सैनी, गोपाल सहल, पुनित दर्जी, ललित जोशी, बुली महमियां, शांति महमिया, प्रमात्मा महमिया, मनोज सोनी सहित अनेक भक्तजन उपस्थित थे।

राष्ट्रीय पक्षी मोर का संरक्षण हो-बालव्यास

माई झुंझुनूं न्यूज। सुप्रसिद्ध भागवताचार्य, राजस्थान गोकल्याण समिति के अध्यक्ष बालव्यास श्रीकान्त शर्मा को पीड़ा है राष्ट्रीय पक्षी मोर के निरन्तर शिकार से घटती जा रही संख्या से। पिछले दिनों गुढ़ा गोड़ जी आगमन पर दूरभाष पर उन्होंने इसके बारे में बताया कि यदि मोर का इसी तरह शिकार होता रहेगा तो सभी का मन इसके पिहू-पिहू सुनने का तरस जायेगा। उन्होंने बताया कि मोर के शिकारी इसका शिकार इसलिए करते हैं कि इसके सभी अंग उंचे दामों में बिकते हैं जिसके लालच में मोरों का शिकार हो रहा है। डॉ. सांवरमल नदीवाला ने बताया कि आयुर्वेद में भी मोर पंख इलाज के काम आते हैं। बालव्यास के अनुसार पेस्टिसाइड मिला हुआ बीज खेतों में बोने से तथा फव्वारों से सिंचाई की प्रक्रिया में भी मोरों का विनाश हो रहा है। जिसके लिए उन्होंने खेतों में पुरानी पद्धति से क्यारी धोरों की सिंचाई व बिना पेस्टिसाईड के बीज बोने की सलाह भी दी। निश्चय ही बालव्यास की पीड़ा वाजिब है राष्ट्रीय पक्षी के संरक्षण के लिए आवश्यक उपाय समय रहते किये जाने चाहिए।

जी.आर. पब्लिक स्कूल में प्रवेशोत्सव पर विद्यार्थियों का स्वागत

माई झु. न्यूज। स्थानीय जी.आर. पब्लिक स्कूल में सोमवार को प्रवेशोत्सव मनाया गया, जिसमें विद्यालय निदेशक रणजीत ढूकिया ने नव आगन्तुक विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर स्वागत किया। इस अवसर पर ढूकिया ने विद्यालय के परीक्षा परिणामों के बारे में बताते हुए कहा कि आठवीं बोर्ड परीक्षा परिणाम में 5 छात्रों ने 85 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। उन्होनें कहा कि विद्यालय की छात्रा रितू पूनियां विद्यालय की छात्रा रितू पूनियां विद्यालय में अव्वल रही तथा राजीव कुमार गेट द्वितीय रहे।

उन्होंने बताया कि इस वर्ष में परीक्षा में कुल 81 छात्र प्रविष्ट हुए जिनमें से 68 छात्र प्रथम श्रेणी तथा 11 छात्र द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए एंव करीब 37 विद्यार्थियों ने 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। उन्होंने बताया कि कक्षा 12 वीं विज्ञान वर्ग में छात्र विवेक ने विद्यालय में टॉप किया तथा 12 वीं कला संकाय में वर्ग संजय कुमार ने 72 प्रतिशत, 12 वीं ललित कला वर्ग में रवि प्रकाश ने 85.23 प्रतिशत अंक, कक्षा 10 में हितेश चौधरी ने 85.33 प्रतिशत तथा सरोज पूनियां ने 85.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय को टॉप किया।

ढूकिया ने विद्यालय की गत वर्ष की उपलब्धियों व विशेषताओं के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि बोर्ड आठवीं परीक्षा-06 में विद्यालय के छात्र रवि ढाका ने वरीयता सूची में अपनी जगह बनाई। उन्होनें बताया कि सभी भौतिक सुविधाओं से युक्त भवन, अनुभवी शिक्षकों की टीम, खेलकूद की व्यवस्था, अच्छे आवास की सुविधा तथा शहर से 30 किमी की दूरी में वाहन सुविधा, छात्र-छात्राओं के लिए पृथक छात्रावास की व्यस्था है।

आप ही ने बनाया,
हमें निरन्तर सफल
आप ही से बांटेंगे,
हम खुशियां हर पल
- Myjhunjhun.com

राणासरिया परिवार द्वारा श्रीमद् भागवत सप्ताह का आयोजन

माई झु. 15 जुलाई। महाराजा अग्रसेन भवन मार्ग स्थित अग्रसेन भवन झुंझुनूं में श्रीमती दुर्गादेवी राणासरिया धर्मपत्नी स्व. डूंगरमल राणासरिया द्वारा श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन दिनांक 15 जुलाई से 21 जुलाई तक किया गया जिसमें भागवत भूषण बालव्यास श्री गोपाल जी मिश्र ने व्यास पीठ पर विराजमान होकर अपने कोकिल कंठ से संगीत के स्वरों में मिश्रित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान का रसास्वादन कराया।

श्री मिश्र ने कहा कि भागवत कोई पुस्तक या पोथी नहीं है बल्कि भगवान का ही रूप है। कलियुग में भागवत हर संकल्प व हर मनोकामना पूर्ण करने वाला ग्रंथ है। किसी भी काम को करने से पूर्व हरि का स्मरण करने से संपूर्ण दोषों व पापों से मुक्ति मिलती है। बालव्यास ने कहा कि हरि के स्मरण से हर काम निर्विघ्न हो जाता है। महाराजश्री ने कथा समारोह में पहले दिन भागवत महात्म, मंगलाचरण भगवान का स्मरण, गोकरण तथा धुंधुकारी की आत्मकथा प्रसंगों का वर्णन किया। इससे पूर्व अखाड़े वाले बालाजी मंदिर से 108 कलशों की शोभायात्रा निकाली गई। भगवान राधा कृष्ण की झांकी के साथ शोभायात्रा खेतान मोहल्ला, ढंढों का दरवाजा, गुदड़ी बाजार, कपड़ा बाजार, चबूतरा चौक, सब्जी मंडी, नेहरू मार्केट, ताल बाजार, बावलियों की बगीची होते हुए कथा स्थल पहुंची।

कथा के प्रथम दिन श्रीमद् भागवत महात्मय एवं नारद व्यास संवाद द्वितीय रोज सोमवार को कपिलो व्याख्यान एवं ध्रुव चरित्र, तीसरे दिवस पर जड भरत एवं प्रहलाद चरित्र का सजीव चित्रण किया गया। 18 जुलाई बुधवार को श्री वामन अवतार, श्री राम एवं कृष्ण अवतार, नन्दोत्सव का सुन्दर वर्णन महाराज श्री ने किया। गुरूवार को श्री कृष्ण की बाल लिलाओं का वर्णन तथा गोवर्धन पूजन का वर्णन देखने योग्य था, शुक्रवार 20 जुलाई महाराज श्री ने महारास, उद्धव चरित्र एवं रूकमणि विवाह का वृतांत विस्तार पूर्वक बताया, शनिवार को श्रीमद् भागवत सप्ताह में सुदामा चरित्र, श्री शुक्रदेव विदाई एवं रात्रि को भव्य रात्रि जागरण का आयोजन किया गया। रविवार प्रात: हवन की पूर्णाहुति दी गयी तथा दोपहर में सभी भक्तगणों के लिए आयोजकों द्वारा प्रसाद की सुन्दर व्यवस्था की गयी। इसी दिवस पर सांयकाल सुन्दरकाण्ड पाठ का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने भाग लिया।

कथा समारोह में सत्यनारायण गाडिया, सत्यनारायण तुलस्यान, आत्माराम टीबड़ा, जगदीश तुलस्यान, चिरंजीलाल भीमसरिया, केसरदेव तुलस्यान, नारायण राणासरिया, शंकरलाल राणासरिया, राधेश्याम राणासरिया, घनश्याम राणासरिया, विनोद, रतन, अरविन्द, शिवानन्द एवं श्रीराम राणासरिया, मनोहरलाल राणासरिया, नरेश गाडिया, सुरेंद्र राणासरिया, नवल जांगिड़, मोहन मिश्र, नंदलाल मोदी, नथमल हंसासरिया, नवल गाडिया, रवि राणासरिया, सुभाष ढंढारिया, नरोत्तम राणासरिया, ओमप्रकाश टीबड़ा, विश्वंभर पंसारी, मनोहरलाल गाडिया, बनवारीलाल जालान, शंकरलाल शास्त्री, प्रभुदयाल टीबड़ा, महावीर टीबड़ा, हरिराम टीबड़ा, संजय राणासरिया, अनिल केडिया, विमल मोदी, राजेन्द्र ठठेरा, चंद्रभान राणासरिया, काशीनाथ राणासरिया, नथमल पंसारी, संजय जगनानी, रोमेश राणासरिया, संतकुमार देवड़ा, मोहन मिश्र, परमेश्वर हलवाई, राजेन्द्र राणासरिया, घनश्याम व्यास, विश्वनाथ टीबड़ा,जुगल टीबड़ा, सत्यनारायण हलवाई सहित अन्यजन उपस्थित थे।

श्री बंधे का बालाजी में भजन संध्या

माई झुं. न्यूज। चूरू बाई पास रोड़ स्थित श्री बंधे का बालाजी मंदिर में ज्येष्ठ पूर्णिमा पर शनिवार को भजन संध्या की शुरूआत गणेश वन्दना के साथ हुई। गायक कलाकार महेश शर्मा ने 'सोवे है के जागे देवा', 'मीठी लागै मीठी लागै','ग्वालिका तू कोनी जानै पीर पराई','बाजूबन्द भूल आयी' आदि एक से बढकर एक भजन सुनाए।

कलाकार रमेश व्यास ने 'शारदा न सुमरा','बालाजी बलिहारी','सरवरिये के तीर खड़ी या नानी' आदि की प्रस्तुति दी। युवा कलाकार रमाकांत पुरोहित ने 'ऊंचे पहाड़ों वाली' जैसे जोशीले भजन सुनाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में बाबा के दरबार की सजावट की गई तथा प्रसाद लगाया गया। भजन संध्या के शुभ अवसर पर नरेश गाडिया,प्रदीप गाडिया, सुरेंद्र, गजेन्द्र, दीपक महमिया, नवल जांगिड़, ओमप्रकाश पांडे, राकेश व्यास, संजय जगनानी, अनिल केडिया, नथमल पंसारी, रामनिवास सोनी, सम्पत गाडिया, गौरव गाडिया आदि श्रद्धालु उपस्थिति थे।

डॉ. बावलिया ने की राजस्थान ब्राह्मण महासभा की जिला कार्यकारिणी घोषित

माई झुं. न्यूज। राजस्थान ब्राह्मण महासभा झुंझुनूं जिला ईकाई के अध्यक्ष डॉ. दयाशंकर बावलिया एवं महामंत्री ओम प्रकाश बोहरा ने जिला शाखा ब्राह्मण महासभा झुंझुनूं की कार्यकारिणी के प्रथम चरण की घोषणा करते हुए समाज से सक्रिय होकर सहयोग करने की अपील की है जिससे सामाजिक कुरूतियों का दूर की जा सके तथा समाज को मजबूती एवं सुदृढता प्रदान कर सही दिशा दी जा सके।

डॉ दया शंकर बावलिया ने बताया कि उमाशंकर महमियां द्वारा समाज के उत्थान क्षेत्र में किए गए प्रयत्नों को देखते हुए उन्हें युवा ब्राह्मण महा सभा नगर अध्यक्ष से मुख्य ब्राह्मण महासभा नगर अध्यक्ष के पद का भार दिया है। जिला झुंझुनूं कार्यकारिणी में प्रदेश उपाध्यक्ष (ब्रह्मघोष) व जिला संयोजक ब्राह्मण आरक्षण समिति के पवन पुजारी पूर्व उपाध्यक्ष नगरपालिका झुंझुनूं एवं जिला उपाध्यक्ष डॉ. नवीन चन्द्र शर्मा, पूर्व मुख्य चिकित्सा एवं स्वा. अधिकारी, बृजगोपाल पुरोहित, पूर्व अध्यक्ष लायन्स क्लब झुंझुनूं, जिला कोषाध्यक्ष बालमुकुन्द शर्मा,जिला संगठन मंत्री सुशील जोशी एडवोकेट, झुंझुनूं जिला महिला प्रकोष्ठ, श्रीमती ममता शर्मा, जिला युवा प्रकोष्ठ महेश जी हरितवाल, बबाई (अध्यक्ष), जिला मीडिया प्रकोष्ठ, कमलकान्त शर्मा, जिला प्रचार-प्रसार प्रकोष्ठ पवन पाण्डेय, जिला कला एवं संस्कृति प्रकोष्ठ श्रीमती सुधा शर्मा, जिला प्रवक्ता डॉ. श्रीमती विद्या पुरोहित, जिला धार्मिक अनुष्ठान प्रकोष्ठ, पं. मांगीलाल महमिया, जिला विधि प्रकोष्ठ, महेश शर्मा, जिला संस्था पंजीकरण प्रकोष्ठ मनोज शर्मा, नगर अध्यक्ष झुंझुनूं उमाशंकर महमिया, नगर अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ महामंत्री विनोद कुमार पुरोहित, पार्षद आनन्द पुजारी जिला समन्वयक विभिन्न समाज समितियां पुरूषोत्तम लाल शर्मा को बनाया गया है।

वीके गौड़ के निर्देशन में पुलिस जवानो द्वारा योग

माई झुं.न्यूज। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वीके गौड़ के निर्देशन में करीब ४३ पुलिस जवान रोजाना शहर के शहीद स्मारक में सुबह-सुबह पुलिस के जवान खुद को फिट रखने एवं तनाव दूर करने के लिए योग करते हैं। दिन भर तरोताजा रहने के लिए दो घंटे कसरत के जरिये पसीना बहाते हैं। इन पुलिस जवानों में महिला पुलिस भी शामिल है। इसके अलावा काफी संख्या में शहरवासी भी योग करने आते हैं। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने बताया कि वर्तमान समय में योग महत्त्वपूर्ण है। यह किसी दूसरे के लिए नहीं वरन खुद को फिट रखने के लिए है। पुलिस जवान एवं शहरवासी स्वेच्छा से ही योग करने आ रहे हैं।

गुरु पुर्णिमा पर किये समस तालाब पर धार्मिक आयोजन

माई झुं. न्यूज। बाबा शंकरदास जी महाराज के समाधि स्थल समस तालाब पर गुरु पुर्णिमा पर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों के आयोजन किये गये। सायंकाल भण्डारे के आयोजन में शहर के गणमान्यजन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

बाल व्यास ने किया नलकूप का भूमि पूजन

माई झु. न्यूज। बाल व्यास श्रीकान्त शर्मा एवं नायब तहसीलदार विक्रम सिंह राठोड़ द्वारा जोड़ली जोहड़ी स्थित गौशाला के कुएं पर शनिवार सुबह पूर्णिमा के शुभ अवसर पर नलकूप के लिए भूमि पूजन किया गया।

बाल व्यास श्री कान्त शर्मा ने बताया कि हरित क्रांति के अन्तर्गत नलकूप बनाया जा रहा है जिससे गौशाला में गायों को हरा चारा वर्ष पर्यन्त उपलब्ध हो सके। इस अवसर पर सांवरमल नदीवाला, रामावतार मोदी, मालीराम केडिया, पवन केडिया, बनवारीलाल नदीवाला सहित अन्यजन उपस्थित थे।

शहीद मोहम्मद फारूक अहमद सुपुर्दे खाक

झुंझुनू, 12 जुलाईः देश की रक्षा के लिए केन्द्रीय रिर्जव पुलिस बल के सब इन्सपेक्टर मोहम्मद फारूक अहमद छतीसगढ़ में माओवादियों से लोहा लेते हुए 11 जुलाई को शहीद हो गये।

शहीद के पार्थिव शरीर को गुरूवार को उनके पैतृक गांव भीमसर में पूरे राजकीय सम्मान के साथ सुपुर्द ए खाक किया गया।